राजस्थान सरकार
शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग

क्रमांक : प. 17(1) शिक्षा–2/2023 — जयपुर, दिनांक : 09/02/2023

निदेशक,
माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर।

विषय : स्कूल शिक्षा विभाग में रिक्त 21531 पदो को वर्ष 2022–23 की बजट घोषणा में शामिल करते हुये भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ : आपका पत्र क्रमांक– शिविरा–मा/मॉनिट/अति.मु.स./मु.स./49112/वो–2 /2022 दिनांक 01.02.2023

महोदय

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के क्रम में निर्देशानुसार लेख है कि मा. मुख्य सचिव महोदया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक दिनांक 03.02.2023 में प्रदर्शित पीपीटी में पीपीटी के पृ. 20 के बिन्दु संख्या–05 (अर्थना भिजवाया जाना शेष) में उल्लेखित निम्नांकित पदों की अर्थना वर्ष 2022–23 की बजट घोषणा में ही शामिल करते हुये भर्ती की कार्यवाही शुरू करने के निर्देश प्रदान किये है :–

क्र. सं.	पदनाम	पदों की संख्या जिनकी अर्थना प्रेषित की जानी है अथवा अर्थना हेतु प्रशासनिक स्वीकृति ली जानी है
1.	अध्यापक ग्रेड–III	12160
2.	व्याख्याता	4444
3.	वरिष्ठ अध्यापक/अध्यापक ग्रेड–II	2561
4.	शारीरिक शिक्षक ग्रेड–II	114
5.	पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III	567
6.	प्रयोगशाला सहायक	251
7.	कनिष्ठ सहायक	1412
8.	शीघ्रलिपिक	22
	योग	21531

साथ ही कार्मिक (क–2) विभाग के परिपत्र क्रमांक–प. 7(1) कार्मिक/क–2/2019 दिनांक 18.10.2021 के द्वारा भर्ती प्रक्रिया के सम्बन्ध में दिये गये निर्देश के बिन्दु संख्या–1 "रिक्तियों का निर्धारण एवं भर्ती अर्थना" के उपबिन्दु संख्या 1.7 में निम्नलिखित निर्देश प्रदान किये गये है :–

"विभाग द्वारा उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर सक्षम स्तर से आवश्यक स्वीकृति प्राप्त करने की कार्यवाही कर 31 मई से पूर्व भर्ती हेतु अर्थना आयोग/बोर्ड/भर्ती संस्था को प्रेषित की जाएगी। विभागाध्यक्ष द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि 31 मई से पूर्व भर्ती अर्थना भर्ती संस्था को प्राप्त हो जाये।"